शिरडी वाले साई बाबा मेहरबानी आप की

शिरडी वाले साई बाबा मेहरबानी आप की,
सब के बिगड़े काम बने है दुनिया दीवानी आप की,
शिरडी वाले साई बाबा मेहरबानी आप की,

हर पल हर दिन आप ने हमारा ख्याल रखा है,
पाया सब ने जवाब जिसने अपना सवाल रखा है,
श्रद्धा सबुरी के फल मीठे कहे जुबानी आप की,
शिरडी वाले साई बाबा मेहरबानी आप की,

मैं क्यों करू सोच विचार मुझे है साई नाम से प्यार ,
सुख भी पाउ दुःख भी पाउ मुझको तो है दोनों स्वीकार,
जिस हाल में हम को रखो ये कदर दानी आप की,
शिरडी वाले साई बाबा मेहरबानी आप की,

कब हरो गे अवगुण मेरे फ़िक्र ये मुझे सताती है,
कोई हो न हो दुनिया में बस साई हमारा साथी है,
जब तक जियु जपु तुझको मैं ये जिंदगानी आप की,
शिरडी वाले साई बाबा मेहरबानी आप की,

विषय विकारो के समन्दर में जब हम गोते खाते है,
मन को शांति मिल जाती है जब साई सामने आते है,
हर मुश्किल का हल मिला जब मिले निशानी आप की,
शिरडी वाले साई बाबा मेहरबानी आप की,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11849/title/shirdi-vale-sai-baba-meharbani-aap-ki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |